एग्रीपावर फर्टिलाइजर्स
प्राइवेट लिमिटेड.pdf

# भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

एमडीएस भवन, जवाहर लाल नेहरू मार्ग,
(ओल्ड मिन्टो ब्रिज) जाकिर हुसैन कॉलेज के निकट
नई दिल्ली 110 002

| खुली निविदा इन्कवायरी | |
|---|---|
| निविदा विवरण | |
| कार्य का नाम | ताजे कट फ्लावर्स के बॉकेट्स की आपूर्ति, इंडोर/आउटडोर सजावट/अनुरक्षण सहित अलकांरिक |
| निविदा संख्या | एफ.सं.7–3/2020–जीए |
| निविदा प्रारंभ तिथि | 19–5–2020 11:00 बजे |
| निविदा बंद होने की तिथि/समय | 04–06–2020 15:00 बजे |
| निविदा खुलने की तिथि/समय | 04–06–2020 15:30 बजे |
| निविदा काल क्रम(प्रकाशन की तिथि से) | 90 (दिन) |
| निविदा प्रस्ताव वैधता (अंतिम तिथि से) | 60 (दिन) |
| निविदा फार्मों की उपलब्धि | निविदा दस्तावेजों का सम्पूर्ण सेट ट्राई की वेबसाइट:www.trai.gov.in/content/Tender.aspx से तथा सीपीपी पोर्टल eprocure.gov.in/eprocure/app से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| 2 वर्ष की अनुबंध अवधि की कुल अनुमानित लागत | 15.90 लाख रूपए अनुमानित |
| बयाना जमा राशि विवरण | 31,800/– रूपए अनुमानित |
| अनुबंध अवधि | 24 माह (2 वर्ष) |
| ईपीबीजी प्रतिशत | अनुबंध मूल्य के 5 (पांच) प्रतिशत के समान राशि |
| ईपीबीजी की अपेक्षित अवधि (माह) | 26 |
| निविदाकर्ता औसत टर्नओवर (अंतिम 3 वर्ष) | 50 लाख रूपए |
| निविदाकर्ता से अपेक्षित दस्तावेज | 1. छूट प्राप्त करने की आंकाक्षा के मामले में सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम उद्यम प्रमाण पत्र |

| | |
|---|---|
| | 2. अनुभव/टर्नओवर मापदंड प्रमाणपत्र |
| | 3. फर्म का विवरण तथा किसी सरकारी संगठन द्वारा ब्लैकलिस्ट न किए जाने/विवर्जित न किए जाने से संबंधित प्रतिबद्धता |

1. पेशगी जमा एवं निष्पादन जमा राशि, जहां भी लागू हो, भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण के पक्ष में जारी की जानी है।
2. मोहरबंद लिमिटेड निविदाएं ताजे कट फ्लावर्स के बॉकेट्स की आपूर्ति, इंडोर/आउटडोर सजावट/अनुरक्षण सहित अलकांरिक प्लांट सेवा के उद्देश्य से दिल्ली में स्थित एजेंसी से सेवाएं प्राप्त करने के लिए आमंत्रित की गई हैं।
3. निविदाकर्ताओं को यह परामर्श दिया जाता है कि वे निविदा दस्तावेज को ध्यानपूर्वक पढ़ लें तथा उससे संबंधित विवक्षाओं सहित उसके विविध प्रावधानों को संज्ञान में ले लें।

(मनीष नेगी)
वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी–I(जीए)
फोन नम्बरः 011–23664–141/142

## भाग – 1

## निविदा की प्रस्तुति के लिए अनुदेश

1. प्रस्तावना

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण भारत सरकार का एक सांविधिक निकाय है तथा इसके द्वारा भाग–।। में वर्णित 'अनुबंध की शासी नियम एवं शर्तों' के अनुसार अपने कार्यालय में निम्नलिखित के लिए किसी फर्म की सेवाएं प्राप्त करने की अपेक्षा की गई हैः–

1. ताजे कट फ्लावर्स के बॉकेट्स की आपूर्ति,
2. इंडोर/आउटडोर सजावट/अनुरक्षण सहित अलकांरिक प्लांट की आपूर्ति एवं सजावट

2. वास्तविक प्रस्ताव

निविदाकर्ता वास्तविक स्वरूप में एक ऐसी इकाई होना चाहिएः

(क) जिसके पास फर्म के पंजीकरण का प्रमाण पत्र हो;
(ख) जिसके पास पर्मानेंट एकाउंट नम्बर हो;
(ग) जिसके पास लागू जीएसटी नम्बर हो, यथा लागू
(घ) जिसके पास 31.3.2020 की स्थिति के अनुसार पिछले पांच वर्षों की अवधि में किसी केन्द्र/राज्य सरकार एवं सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/प्रख्यात निजी कम्पनी/बहुराष्ट्रीय कम्पनी के लिए समान कार्य करने का 3 वर्ष का अनुभव हो तथा एक अनुबंध पर कार्य किया जा रहा हो;
(ङ) जिसकी औसत टर्नओवर (पिछले 3 वर्षों में) 50 लाख रूपए हो;
(च) जिसकी दिल्ली में अपनी नर्सरी हो; तथा
(छ) जो इस भाग में उल्लिखित सभी अन्य अपेक्षाओं की पूर्ति करता हो।

3. निविदा दस्तावेज

ऊपर भाग –1 के पैरा 2 में सूचीबद्ध सभी दस्तावेजों के साथ निविदा दस्तावेज की एक साथ प्रस्तुति नीचे दी गई विधि (अनुलग्नक ।।।) से की जानी है तथा ऐसा न किए जाने की स्थिति में इसे रद्द किया जा सकता है। अपूर्ण अथवा शर्तों के साथ प्रस्तुत की जाने वाली निविदा को भी रद्द किया जा सकता है।

4. निविदाओं की प्रस्तुति – समय सीमा / विधि

विधिवत भरे गए निविदा दस्तावेजों की प्रस्तुति दो अलग अलग भागों में की जानी है:–

1) प्रथम भाग एक अलग लिफाफे में मोहरबंद होना चाहिए तथा इस पर ''ताजे कट फ्लावर्स के बॉकेट्स की आपूर्ति, इंडोर/आउटडोर सजावट/अनुरक्षण सहित अलकांरिक प्लांट सेवा'' के लिए तकनीकी निविदा'' लिखा जाना चाहिए। इसमें पेशगी जमा राशि (ईएमडी–जिसका वर्णन खंड ।। के पैरा 5 में किया गया है) एवं नीचे पैरा 4.1.1 तथा इस खंड में कहीं भी उल्लिखित दस्तावेजों के साथ ट्राई द्वारा निविदाकर्ताओं के प्रत्यय पत्र का निर्णय लिए जाने के अपेक्षित प्रत्येक सूचना प्रस्तुत की जानी है।

2) द्वितीय भाग में वित्तीय निविदा है तथा इसकी प्रस्तुति एक अलग लिफाफे में ''ताजे कट फ्लावर्स के बॉकेट्स की आपूर्ति, इंडोर/आउटडोर सजावट/अनुरक्षण सहित अलकांरिक प्लांट सेवा'' के लिए वित्तीय निविदा'' लिखकर की जानी है।

3) दोनों लिफाफे एक ही लिफाफे में मोहरबंद किए जाने चाहिए तथा इन पर सही ढंग से ''ताजे कट फ्लावर्स के बॉकेट्स की आपूर्ति, इंडोर/आउटडोर सजावट/अनुरक्षण सहित अलकांरिक प्लांट सेवा'' के लिए ओटीई'' लिखा जाना चाहिए तथा इसे वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी (जीए), भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण का पता लिखा जाना चाहिए।

4.1.1 तकनीकी निविदा के साथ निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत किए जाने हैं –

- निविदा प्रस्तुति का पत्र (अनुलग्नक–1)
- प्रत्येक पृष्ठ पर फर्म की मोहर के साथ विधिवत हस्ताक्षर किया गया निविदा दस्तावेज
- पेशगी जमा राशि के रूप में 31,800/– (इक्तीस हजार आठ सौ रूपए केवल) का डिमांड ड्राफ्ट अथवा पेशगी जमा राशि की प्रस्तुति से छूट प्राप्त करने के मामले में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम प्रमाण पत्र संलग्न करें।
- पैन कार्ड की प्रति
- जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) पंजीकरण का प्रमाण पत्र
- निर्धारित वर्षों की संख्या के अनुभव का प्रमाण पत्र तथा जारी अनुबंधों के उल्लेख से युक्त दस्तावेज
- फर्म (फर्मों) के पंजीकरण अथवा गठन के उल्लेख से युक्त प्रपत्र अथवा अपेक्षित पावर ऑफ अटार्नी, यदि कोई हो।
- फर्म के नाम से दिल्ली में स्थित नर्सरी का विवरण
- इस उल्लेख के साथ एक स्व–प्रमाणित प्रमाण पत्र कि निविदाकर्ता को केन्द्र/किसी राज्य सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम द्वारा ब्लैकलिस्ट नहीं किया गया है अथवा खराब निष्पादन के कारण उसके अनुबंध समाप्त नहीं किए गए हैं। (अनुलग्नक–6)
- पिछले 3 वर्षों की टर्नओवर का प्रमाण

4.1.2 निविदाकर्ता को अनुलग्नक–4 में दी गई दरों की अनुसूची (एसओआर) को विधिवत भरकर एवं हस्ताक्षर करके वित्तीय निविदा के साथ प्रस्तुत करनी चाहिए।

4.2 ऊपर दिए गए पैरा में किए गए वर्णन के अनुसार विधिवत भरे गए दस्तावेज ट्राई कार्यालय में दिनांक 4.6.2020 को 1500 बजे तक अवश्य पहुंच जाने चाहिए। दिनांक 4.6.2020 को 1500 बजे के पश्चात प्राप्त निविदाओं को किसी भी स्थिति में विचार में नहीं लिया जाएगा।

4.3 मोहरबंद निविदाएं केवल वैयक्तिक रूप से ही प्रस्तुत की जानी हैं। फैक्स/ईमेल इत्यादि के माध्यम से भेजी जाने वाली निविदाएं विचारणीय नहीं होंगी। ट्राई को निविदा की प्रस्तुति अथवा खोलने की तिथि को विस्तारित करने का अधिकार प्राप्त है।

4.4 निविदा ट्राई के महानगर दूरसंचार भवन, जवाहर लाल नेहरू मार्ग (ओल्ड मिंटो रोड), नई दिल्ली – 110002 में स्थित कार्यालय में उसी दिन 1530 बजे प्रतिभागिता करने वाली फर्मों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जाएगी।

4.5 निविदा खोलने की तिथि घोषित छुट्टी होने के मामले में निविदा को प्राप्त किए जाने एवं खोले जाने की प्रक्रिया समान समय एवं स्थान पर अगले कार्यदिवस को की जाएगी।

4.6 सभी दरों का उल्लेख केवल उचित फार्म अर्थात एसओआर (अनुलग्नक–4) में किया जाना है तथा ऊपर उप–पैरा में किए गए उल्लेख के अनुसार प्रत्येक पृष्ठ पर निविदाकर्ता अथवा उसके प्राधिकृत हस्ताक्षरी द्वारा अपने पूर्ण हस्ताक्षर किए जाने हैं।

4.7 भाग–।। में ''कार्य क्षेत्र एवं अनुबंध के शासी नियम एवं शर्तें'' में उल्लिखित कार्य से संबंधित प्रत्येक घटक पर विचार करके दरों की अनुसूची को सावधानी पूर्वक भरा जाना चाहिए। दरों अथवा अनुबंध के शासी नियमों एवं शर्तों में परिवर्तन अथवा भिन्नता के संबंध में इस कारण से प्राप्त किसी भी अनुरोध को विचार में नहीं लिया जाएगा कि निविदाकर्ता ताजे कट फ्लावर्स के बॉकेट्स की आपूर्ति, इंडोर/आउटडोर सजावट/अनुरक्षण सहित अलकांरिक प्लांट सेवा की आपूर्ति के निविदा दस्तावेज में संकल्पित कार्य अथवा श्रम एवं स्थानीय कानूनों को समझ नहीं पाया था। दरों की अनुसूची (एसओआर) में की गई किसी प्रकार की ओवरराइटिंग (उपरिलेखन) नहीं की जानी चाहिए। किसी प्रकार की गलती होने पर गलती को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए और किए जाने वाले संशोधन पर निविदाकर्ता अथवा उसके प्राधिकृत हस्ताक्षरी को फर्म की मोहर के साथ हस्ताक्षर करने चाहिए।

4.8 ट्राई द्वारा अपेक्षा किए जाने के मामले में निविदाकर्ता को दरों का विश्लेषण प्रस्तुत करना होगा।

4.9 ट्राई को निम्नलिखित सुरक्षित अधिकार प्राप्त हैं :–

- किसी अथवा सभी तकनीकी निविदाओं कोई कारण बताए बिना स्वीकार करने अथवा अस्वीकार करने का अधिकार।
- किसी अथवा सभी वित्तीय निविदाओं, जो भले ही न्यूनतम हों, को कोई कारण बिना स्वीकार करने अथवा अस्वीकार करने का अधिकार।

- ट्राई के हित में अनुबंध को अंतिम रूप प्रदान करने के उद्देश्य से किसी भी चरण में आवश्यकता समझे जाने पर निविदा शर्तों में रियायत देना।
- केन्द्र / राज्य सरकारों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा ब्लैकलिस्ट किए गए अथवा खराब निष्पादन के लिए पत्र जारी किए गए निविदाकर्ताओं को अयोग्य ठहराना।

4.10 किए जाने वाले कार्य की मदों में किसी प्रकार की भिन्नता, आवर्धन तथा/अथवा विलोपन को निविदा में निविदाकर्ता द्वारा निवेदित दरों के संबंध में किसी विवाद के आधार का मुद्दा नहीं बनाया जाएगा। निविदाकर्ता द्वारा निवेदित दरें कार्य के परिमाण पर विचार किए बिना लागू होंगी।

4.11 दरों का उद्धृण शब्दों एवं आंकड़ों में किया जाना चाहिए। 'अंकों' एवं 'शब्दों' में उद्धृत की गई निवेदित दरों में किसी प्रकार का अंतर पाए जाने पर शब्दों में उद्धृत की गई दरों को सही एवं मान्य माना जाएगा। यदि एक अथवा अधिक अनुचित दरें उद्धृत की जाएंगी तो निविदा को सिरे से रद्द करके उसे विचार में नहीं लिया जाएगा।

4.12 निविदा दस्तावेज का प्रत्येक फोलियो तथा संलग्न किया गया प्रत्येक समर्थित दस्तावेज निविदाकर्ता अथवा उसकी ओर से विधिक रूप से प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा कार्यालय की मोहर लगाए जाने के साथ हस्ताक्षर करके प्रस्तुत किया जाना है।

4.13 इरेजर्स, चूक अथवा बदलाव की गई निविदाएं रद्द की जा सकती हैं। यदि कहीं कोई सुधार किया जाना अपेक्षित हो तो उसे स्याही से किया जाना चाहिए तथा प्रत्येक सुधार निविदाकर्ता के पूर्ण हस्ताक्षर के साथ साक्ष्यांकित होना चाहिए।

5. निविदाएं खोलना :

5.1 तकनीकी निविदा को उपस्थित होने के इच्छुक निविदाकर्ताओं अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में नियत तिथि को 1530 बजे खोला जाएगा। निविदा को खोले जाने के समय निविदाकर्ता के प्रतिनिधियों को उपस्थिति रजिस्टर में हस्ताक्षर करने होंगे। निविदा खोले जाने के समय उपस्थित होने की अनुमति के तौर पर निविदाकर्ताओं द्वारा इस आशय से प्राधिकार पत्र प्रस्तुत किया जाएगा (इसका प्रारूप अनुलग्नक–।। में दिया गया है)। तकनीकी निविदा में सफल पाए गए निविदाकर्ताओं की वित्तीय निविदा को खोले जाने की जानकारी बाद में दी जाएगी।

5.2 निविदाकर्ता अपने केवल एक प्रतिनिधि को ही प्राधिकृत कर सकते हैं अथवा निविदा खोले जाने के समय उपस्थित होने की अनुमति दे सकते हैं।

5.3 इस कार्यालय द्वारा निविदाकर्ता का नाम, प्रस्तुत किए गए दस्तावेज, सुधार, निविदा वापस लेने तथा ऐसा अन्य कोई विवरण, उचित समझे जाने पर अपने विवेकानुसार, निविदा खोले जाने के समय घोषित किया जाएगा।

5.4 यदि बाद के काल में निविदा खोले जाने की नियत तिथि को छुट्टी घोषित किया जाता है तो निविदा को अगले कार्यालय दिवस के दिन किसी बदलाव के बिना समान समय एवं स्थल पर ही खोला जाएगा।

6. पूर्वानुभव :

निविदाकर्ता को 31.3.2020 की स्थिति के अनुसार पिछले पांच वर्षों की अवधि में किसी केन्द्र/राज्य सरकार एवं सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/प्रख्यात निजी कम्पनी/बहुराष्ट्रीय कम्पनी के लिए समान कार्य करने का 3 वर्ष का अनुभव होना तथा उसके एक अनुबंध पर कार्य चलने के अनुभव का प्रमाण पत्र संलग्न करना चाहिए। ऐसा अनुभव उस समान नाम/फर्म (फर्मों)/ सामुच्य के लिए होना चाहिए जिसके लिए अनुबंध प्राप्ति का आवेदन किया गया है। संतोषजनक प्रत्यय पत्र के बिना प्राप्त निविदाओं को विचार में नहीं लिया जाएगा।

8. स्थानीय परिस्थितियों के प्रति अनुकूलता

निविदाकर्ताओं को उन्हीं के हित में यह परामर्श दिया जाता है कि वे कार्य के स्थल पर जाकर स्वयं स्थानीय स्थितियों, कार्य तक पहुंच प्राप्ति के माध्यमों, कार्य की प्रकृति इत्यादि के प्रति अनुकूलता कर लें।

9. प्रस्ताव की वैधता

निविदाकर्ता से निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि से 90 (नब्बे) दिन की अवधि के लिए अपना प्रस्ताव स्वीकार्य होने की अपेक्षा की गई है। यह स्पष्ट किया जाता है कि निविदाकर्ता द्वारा निविदा दस्तावेज डाउनलोड किया जाना है तथा निविदाकर्ता को इस पूर्वापेक्षा के साथ निविदा प्रस्तुत करने की अनुमति प्राप्त है कि वह निविदा की प्रस्तुति के पश्चात प्रस्ताव अथवा उससे संबंधित नियम एवं शर्तों में किसी प्रकार की ऐसी रद्दोबदल नहीं करेगा जो ट्राई द्वारा स्वीकार्य न हो। यदि निविदाकर्ता उक्त पूर्वापेक्षाओं का अनुपालन अथवा अनुसरण नहीं करता है तो उसके द्वारा भाग–1 के पैरा 4.1.1 अंतर्गत जमा करवाई गई पेशगी जमा राशि ट्राई द्वारा जब्त की सकती है।

9. निविदा की स्वीकृति

9.1 निविदा दस्तावेजों तथा निवेदित दरों को स्वीकार करने का प्राधिकारी ट्राई के सक्षम प्राधिकारी को प्राप्त है।

9.3 निविदाकर्ता द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले सभी निविदा दस्तावेज ट्राई की सम्पति माने जाएंगे तथा इन्हें निविदाकर्ता को वापस लौटाने के प्रति ट्राई का कोई दायित्व नहीं होगा।

9.3 निविदा के संबंध में किसी प्रकार का पक्ष प्रचार पूरी तरह से प्रतिबंधित है तथा पक्ष प्रचार करने वाले निविदाकर्ताओं की निविदा को रद्द किया जा सकता है।

9.4 किसी निविदाकर्ता द्वारा जानबूझकर गलत जानकारी प्रस्तुत किए जाने अथवा अपनी निविदा में किसी ऐसी सूचना/तथ्य को छिपाने की प्रक्रिया करने, जिससे जालसाजी द्वारा उसकी निविदा को योग्य माना जा सके, की स्थिति में ट्राई को किसी प्रकार वित्तीय विवक्षा के बिना निष्पादन के किसी भी चरण ऐसी निविदा को रद्द करने का अधिकार प्राप्त है।

10. अनुबंध का निष्पादन

सफल निविदाकर्ता से ईपीबीजी की राशि जमा करवाने के बाद अपनी लागत पर प्राधिकृत हस्ताक्षरी के माध्यम से ट्राई के साथ अनुबंध करने की अपेक्षा की गई है। ऐसा न किए जाने की स्थिति को निविदा के लिए सहमत स्वीकृति का उल्लंघन माना जाएगा।

11. संचार के लिए डाक का पता

प्रत्येक निविदाकर्ता को अपने डाक पते का उल्लेख स्वच्छ एवं स्पष्ट रूप से करना चाहिए। निविदाकर्ता को डाक के माध्यम से ऐसे पते पर भेजी गई सूचना को निविदाकर्ता द्वारा समय पर प्राप्त की गई सूचना माना जाएगा।

(मनीष नेगी)

वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी–I(जीए)

भाग – ।।

## अनुबंध की शासी नियम एवं शर्तें

1. प्रस्तावना

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण संसद द्वारा अधिनियम के माध्यम से स्थापित एक सांविधिक निकाय है। यह भारत के दूरसंचार सेक्टर के लिए विनियामक क्रियाकलापों की देखरेख रहा है।

2. कार्यक्षेत्र एवं कार्य की प्रकृति

एजेंसी से अपेक्षित कार्यों की प्रकृति का वर्णन नीचे किया गया है:–

| सेवाएं | संख्या | वर्णन |
|---|---|---|
| ताजा कट फ्लावर्स की बॉकेट्स | 25 बॉकेट्स | सेवा आदेश / अनुबंध में के अनुसार अनुदेश दिए जाने पर ट्राई के कार्यालय में स्थित वरिष्ठ अधिकारियों/बैठक कक्षों / सभगृह कक्षों फूलों की व्यवस्था करना। व्यवस्था किए जाने के दिन छुट्टी होने की स्थिति में ऐसी व्यवस्था अगले कार्यालय दिवस को करना। |
| इनडोर/आउटडोर सजावटी/ ओर्नामेंटल प्लांट उपलब्ध करवाना एवं सजावट करना | 700 प्लांट | इस सेवा में फूलों की ताजगी एवं स्वास्थ्य के सुनिश्चय के लिए प्लांट का समय पर अनुरक्षण किया जाना भी शामिल है। यह प्लांट्स के लिए रेंटल सेवा है। |

2.2 ठेकेदार द्वारा प्रत्येक प्लांट के अनुरक्षण के लिए आवश्यक जनशक्ति की तैनाती की जाएगी। ऐसी जनशक्ति द्वारा अपेक्षित अनुरक्षण रोजमर्रा आधार पर किया जाएगा। ठेकेदार द्वारा इन्डोर/आउटडोर/सीजनल प्लांट्स के नियमित अनुरक्षण सहित प्रत्येक प्लांट का अनुरक्षण किया जाएगा। अनुरक्षण में अतिरिक्त मिट्टी, खाद, फर्टिलाइजर्स, कीटनाशकों, कीटनाशक औषधियों इत्यादि की लागत पूरी तरह से शामिल होगी। अपेक्षित कार्य में पत्तों की ड्राई/वैट क्लीनिंग, छिड़काव, प्लांट्स के अवांछित विकास के लिए छंटाई, कटाई, निराई, मिट्टी के गमलों की गेरू पेंटिंग तथा आवश्यकतानुसार प्लांट्स का एक कमरे से दूसरे कमरे कॉरीडोर, बाहरी तरफ इत्यादि में स्थान परिवर्तन करने के कार्य शामिल हैं।

2.3 ठेकेदार द्वारा अनुलग्नक–4 में किए गए उल्लेख के अनुसार वेस पॉट/ट्रे/सेरेमिक/सीमेंट पॉट में स्वस्थ एवं ताजा इंडोर/आउटडोर/सीजनल पौधे उपलब्ध करवाए जाएंगे। ट्राई द्वारा समय समय पर दिए जाने वाले सुझावों के अनुसार अन्य प्रकार के पौधों पर भी विचार किया जा सकता है तथा ठेकेदार को निवेदित दरों पर उनकी आपूर्ति करनी होगी। प्लांट्स को तिमाही आधार पर ठेकेदार द्वारा अपने खर्चे पर परिवर्तित किया जाएगा। तथापि, इस दौरान, यदि ट्राई द्वारा किसी प्लांट को सुरूचिपूर्ण नहीं माना जाता तथा जो स्वस्थ प्रतीत नहीं होता हो तो ठेकेदार ऐसे प्लांट को शीघ्रातिशीघ्र बदल दिया जाएगा।

2.4 सभी पॉट महीने में दो बार साफ किए जाएंगे तथा मिट्टी के पॉट्स को 'टेराकोट्टा रंग के स्नोसेम' से प्रत्येक माह पेंट किया जाएगा।

2.5 ठेकेदार द्वारा मौसम के अनुसार सीजनल प्लांट्स उपलब्ध करवाए जाने हैं।

2.6 वरिष्ठ अधिकारियों के कक्ष में तथा ट्राई द्वारा दिए जाने वाले निदेशों के अनुसार ताजे फूलों के साथ लगभग 25 (पच्चीस) सेरेमिक/ग्लास फ्लावर–पॉट स्थापित किए जाने हैं।

2.7 फूलों की सूची अनुलग्नक – 4 में दी गई है। ट्राई द्वारा समय समय पर अन्य किसी फूल पर विचार किया जा सकता है तथा ठेकेदार को उद्धृत की गई दरों पर उनकी आपूर्ति करनी होगी।

2.8 ताजे एवं अच्छी गुणवत्ता वाले फूलों की व्यवस्था एवं उनमें किए जाने वाले बदलाव प्रत्येक सप्ताह के प्रत्येक सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को प्रातः 8.45 बजे से पहले किए जाने है।

2.9 आपूर्ति किए जाने वाले फूल मात्रा से संबंधित अनुसूची में उल्लिखित विनिर्देशों के अनुरूप होने चाहिए।

2.10 दरों की अनुसूची (एसओआर) (अनुलग्नक–4) में दरें उद्धृत की जानी चाहिए।

2.11 ठेकेदार के कर्मचारियों को अनुशासनबद्ध, विनम्र एवं विनयशील होना चाहिए तथा उन्हें ट्राई के किसी भी कर्मचारी के साथ दुर्व्यवहार नहीं करना चाहिए और न ही उन्हें ट्राई के परिसरों में किसी गैरकानूनी क्रियाकलाप में संलिप्त होना चाहिए।

2.12 ट्राई के सुरक्षा कर्मचारियों को ठेकेदार के किसी भी कर्मचारी को कार्य के उद्देश्य से परिसर में प्रवेश करने देने/बाहर जाने के दौरान उसकी तलाशी लेने, जांच करने अथवा पूछताछ करने का अधिकार प्राप्त है।

2.13 ट्राई के निदेशों के अनुसार ठेकेदार प्लांट्स लाने तथा उन्हें भवन के भीतर प्रत्येक तल पर एवं भवन के बाहर स्थापित करने / स्थान परिवर्तन करने के प्रति उत्तरदायी होगा।

2.14 परिवहन व्यय का वहन ठेकेदार द्वारा किया जाएगा।

2.15 यदि ठेकेदार अनुबंध की शर्तों के अनुसार किसी खराब प्लांट को बदलने अथवा प्लांट्स को स्वच्छ करने के कार्य नहीं कर पाता है तो दोष में सुधार किए जाने तक की अवधि के लिए उस पर प्रतिदिन 200/– रूपए की दर से जुर्माना लगाया जा सकेगा।

2.16 ताजे फूलों की आपूर्ति समय पर न किए जाने अथवा सेवा में किसी प्रकार की अपूर्णता होने अथवा फूलों की संतोषजनक व्यवस्था न कर पाने की स्थिति में प्रत्येक अवसर पर 200/– रूपए का जुर्माना लगाया जाएगा। इस संबंध में ट्राई द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

2.17 फूलों / हरित पौधों की व्यवस्था में ताजगी, गुणवत्ता एवं मात्रा के संबंध में औचक जांच की जाएगी।

2.18 अनुबंध के काल के दौरान किसी चरण में प्लांट्स तथा फूलों की गुणवत्ता एवं विविधता के संबंध में यदि ठेकेदार का निष्पादन संतोषजनक नहीं पाया जाता है तो अनुबंध समाप्त कर दिया जाएगा तथा निष्पादन सुरक्षा राशि जब्त कर ली जाएगी। इस संबंध में ट्राई द्वारा लिया गया निर्णय ठेकेदार के लिए अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

2.19 चोरी, आग लगने इत्यादि की स्थिति में ठेकेदार को किसी लागत/क्षति/हानि का दावा करने का अधिकार नहीं होगा।

2.20 ट्राई की भावी अपेक्षाओं के अनुसार पॉट युक्त प्लांट्स की संख्या में बढ़ोतरी /कमी की जा सकेगी।

2.21 अनुबंध की कालावधि के दौरान दरों में बढ़ोतरी नहीं की जाएगी।

2.22 ट्राई को कोई कारण बताए बिना किसी अथवा सभी निविदाओं को स्वीकार करने अथवा अस्वीकार करने का अधिकार प्राप्त है तथा यह किसी न्यूनतम दर की निविदा को स्वीकार करने के प्रति बाध्य नहीं है।

2.23 ट्राई को अनुबंध करते समय आदेश की जाने वाली मात्रा में 25 प्रतिशत तक बढ़ोतरी करने अथवा कमी करने का सुरक्षित अधिकार प्राप्त है। ट्राई को अनुबंध मूल्यों के अनुसार अनुबंध की कालावधि के दौरान आदेश की गई मात्रा में 25 प्रतिशत तक बढ़ोतरी करने अथवा कमी करने का सुरक्षित अधिकार भी प्राप्त होगा। निविदाकर्ता ऐसे आदेश को तदनुसार स्वीकार करने के प्रति बाध्य होंगे।

3. भुगतान शर्तें

3.1 ठेकेदार द्वारा भुगतान के लिए अपने मासिक बिल अगले माह की 15 तारीख तक प्रस्तुत किए जाएंगे तथा ट्राई के प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा सत्यापन किए जाने के पश्चात भुगतान कर दिया जाएगा।

3.2 लागू नियमों के अनुसार स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) एवं अन्य करों की कटौती की जाएगी।

4. अनुबंध की कालावधि

4.1 प्रारंभिक चरण में ईपीबीजी राशि को जमा करवाने की तिथि से अनुबंध दो वर्ष की अवधि के लिए प्रदान किया जाएगा। तथापि, निष्पादन के आधार पर, ट्राई द्वारा अपने विवेक के उपयोग से इसे परस्पर स्वीकार्य नियमों एवं शर्तों एवं दरों के अनुसार एक अथवा अधिक वर्षों के लिए विस्तारित किया जा सकेगा।

4.2 तथापि, अनुबंध अवधि समाप्त होने की अंतिम तिथि के पश्चात कम से कम 03 (तीन) माह तक अथवा नया अनुबंध जारी किए जाने तक, जो भी पहले हो, अपने कार्य निर्धारित दरों पर करने के लिए ठेकेदार बाध्यकर होगा।

5. पेशगी धन

5.1 निविदाकर्ता से ट्राई की अपेक्षाओं के अनुसार विधिवत भरे गए निविदा दस्तावेज एवं उनसे संबंधित शर्तों की स्वीकृति के साथ पेशगी जमा राशि के रूप में 31,800/– (इक्तीस हजार आठ सौ रूपए केवल) की जमा राशि अथवा पेशगी जमा राशि की प्रस्तुति से छूट प्राप्त करने के मामले में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम प्रमाण पत्र संलग्न करने की अपेक्षा की गई है। निविदाकर्ता द्वारा इसका अनुसरण न किए जाने अथवा ऊपर उल्लिखित निर्धारणों को पूरा न किए जाने की स्थिति में ट्राई द्वारा समग्र पेशगी जमा राशि जब्त की जा सकेगी।

5.2 ऊपर पैरा 5.1 में उल्लिखित जमा 'ट्राई के पक्ष में दिल्ली में देय तथा निविदा जारी किए जाने की तिथि से कम से कम तीन माह की अवधि के लिए मान्य 'पे आर्डर' अथवा 'डिमांड ड्राफ्ट' के माध्यम से किया जाना है।

6. निष्पादन सुरक्षा

6.1 उन सफल निविदाकर्ताओं को निष्पादन मूल्य के 5(पांच) प्रतिशत के समान राशि सुरक्षा जमा के रूप में करनी होगी जिनकी दरें अंततः स्वीकार कर ली गई हैं। निष्पादन सुरक्षा जमा किसी वाणिज्यिक बैंक द्वारा जारी लेखा देय डिमांड ड्राफ्ट, फिक्स्ड जमा रसीद, बैंक गारंटी के स्वरूप में प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

6.2 निष्पादन सुरक्षा अनुबंध पूरा होने पर आपूर्तिकर्ता द्वारा वांरटी दायित्वों सहित सभी संविदागत दायित्व पूरे कर लिए जाने के तिथि से साठ दिन की अवधि के लिए मान्य होनी चाहिए।

6.3 अन्यथा निष्पादन किए जाने की स्थिति में उक्त निष्पादन सुरक्षा जमा जब्त कर ली जाएगी।

6.4 निष्पादन सुरक्षा जमा प्रस्तुत न किए जाने की स्थिति में सफल निविदाकर्ता की पेशगी जमा राशि जब्त की जा सकेगी।

7. निविदा के मूल्यांकन के लिए मापदंड

7.1 निविदाएं निविदाकर्ता के उन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में दिनांक 4.6.2020 को 1530 बजे एक समिति द्वारा खोली जाएंगी जो निविदा खुलने के समय अपने व्यय पर उपस्थित होना चाहते हैं। निविदाकर्ता के प्रतिनधियों से यह अपेक्षित है कि वे अपने साथ अपनी फर्म से प्राप्त प्राधिकार पत्र लेकर आएं और उपस्थिति शीट/रजिस्टर में अपनी उपस्थिति दर्ज करें।

7.2 ट्राई के अधिकारियों से युक्त एक मूल्यांकन समिति द्वारा सभी निविदाकर्ताओं की निविदाओं का तकनीकी एवं वाणिज्यिक मूल्यांकन किया जाएगा।

7.3 सशर्त निविदाओं को सिरे से रद्द कर दिया जाएगा।

7.4 निविदाकर्ता द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेजों की यह ज्ञात करने के लिए जांच की जाएगी कि क्या ऐसे दस्तावेज में तकनीकी सहित निर्दिष्ट अर्हताओं एवं अपेक्षाओं को पूरा किए जाने का उल्लेख किया गया है अथवा नहीं किया गया है।

निविदा के मूल्यांकन का मापदंड

7.5 निविदाकर्ता से यह अपेक्षित है कि वह अपनी दरें अनुलग्नक–1 में दिए गए निविदा फार्मेट में दरों की अनुसूची में प्रस्तुत करे। एल–1 निविदाकर्ता का निर्धारण समग्र लागतों के आधार पर किया जाएगा। दरों का वर्णन सभी करों के साथ किया जाना चाहिए।

8. प्राकृतिक आपदा

8.1 अनुबंध की निरंतरता के दौरान, यदि किसी समय, अनुबंध में उल्लिखित पूर्ण अथवा किसी आंशिक दायित्व का निर्वाह फर्म द्वारा युद्ध अथवा शत्रुता के कारण से, जन शत्रु की किसी क्रिया, जन विद्रोह, तोड़ फोड़, राज्य की किसी क्रिया अथवा सांविधिक प्राधिकारी के निदेशों, विध्वंस, महामारी, संगरोध प्रतिबंध, अग्नि, बाढ़, प्राकृतिक आपदा अथवा किसी प्राकृतिक क्रिया (जिसे एतद्द्वारा घटना के नाम से संदर्भित किया गया है) के कारण बाधित, प्रतिबंधित, लंबित अथवा अवरोधित होता है तो फर्म द्वारा ट्राई को ऐसी घटना के घटित होने की जानकारी, इनके घटित होने की तिथि से सात कैलेंडर दिन के भीतर, दिए जाने पर फर्म को अपने दायित्व के निष्पादन से छूट दी जा सकेगी। परन्तु, यह भी कि अनुबंध के अंतर्गत फर्म द्वारा अपने दायित्वों का यथासंभव व्यवहार्य निर्वाह ऐसी घटना की स्थिति का अंत होने अथवा

व्याप्त न होने पर जारी किया जाएगा। दायित्वों को पूरा करने अथवा न करने के संबंध में (तथा दायित्वों को फिर से पूरा करने का समय काल) ट्राई द्वारा लिया जाने वाला निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

8.2 तथापि, ऊपर उल्लिखित प्राकृतिक आपदा की स्थितियां अनुबंध की अवधि में विस्तार किए जाने का कारक नहीं होंगी।

9. अनुबंध के शासी कानून

यह अनुबंध ट्राई तथा फर्म द्वारा निष्पादित किया गया है तथा यह भारत के प्रवर्तित कानूनों के अंतर्गत शासित होगा।

10. न्यायालय न्यायाधिकार क्षेत्र

यह अनुबंध जिस स्थान पर हस्ताक्षरित किया गया है केवल उसी क्षेत्र के न्यायालय को ही इस अनुबंध के अंतर्गत अथवा इसके संबंध में उत्पन्न होने वाले विवादों का न्याय निर्णय करने का न्यायाधिकार प्राप्त होगा।

11. विवाचन

ट्राई तथा फर्म के मध्य इस अनुबंध में शामिल किसी मामले अथवा इस अनुबंध से प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से उत्पन्न किसी मामले अथवा इस अनुबंध के नियमों एवं शर्तों के कार्यान्वयन की किसी विधि से संबंधित सम्बद्ध किसी मामले पर किसी प्रकार का विवाद होने की स्थिति में ऐसे मामले परामर्शदाता (ए), ट्राई के सम्मुख प्रस्तुत किए जाएंगे जो स्वयं एकल विवाचक की प्रक्रिया करके अथवा ट्राई के लिए अधिकारी को एकल विवाचक के रूप में नामित करके, इस तथ्य के होते हुए भी कि ऐसा अधिकारी अनुबंध से प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप में सम्बद्ध है, करके प्रक्रिया की जाएगी। फर्म को ट्राई के ऐसे अधिकारी को एकल विवाचक के रूप नियुक्त किए जाने के प्रति किसी प्रकार की आपत्ति करने का अधिकार नहीं होगा। ऐसे विवाचक द्वारा लिया जाने वाला निर्णय, माध्यस्थम एवं सुलह अधिनियम, 1996 के प्रावधानों तथा उसके अंतर्गत निर्मित नियमों की शर्त पर, दोनों पक्षकारों के लिए अंतिम एवं बाध्यकारी होगा। पक्षकारों द्वारा अभिव्यक्त रूप से यह सहमति दी गई है कि विवाचन की प्रक्रिया नई दिल्ली में की जाएगी। विवाचन की भाषा केवल अंग्रेजी होगी।

12. सामान्य

इन नियमों एवं शर्तों के किन्हीं प्रावधानों के अर्थ अथवा आशय अथवा व्याख्या के संबंध में किसी उद्देश्य से वांछित किसी प्रकार के स्पष्टीकरण परामर्शदाता (ए),ट्राई से प्राप्त किए जाएंगे, जिनका ऐसे मामले के संबंध में लिया जाने वाला निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा। अन्य किसी ऐसे सम्बद्ध मामले, जो इस अनुबंध में शामिल नहीं है, उनके सम्मुख निर्णय के लिए प्रस्तुत किए जाएंगे तथा उनका निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

(मनीष नेगी)
वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी–।(जीए)

अनुलग्नक – 1

## निविदा प्रस्तुत करने का पत्र

सेवा में,

वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी (जीए)
भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण का कार्यालय,
महानगर दूरसंचार भवन,
जवाहर लाल नेहरू मार्ग, नई दिल्ली – 110 002

विषयः अनुबंध का अवार्ड जारी किए जाने की तिथि से दो वर्ष की अवधि के लिए फूलों, गमलों, इंडोर/ आउटडोर प्लांटों की आपूर्ति के लिए निविदा

प्रिय महोदय,

ऊपर उल्लिखित अनुबंध के निविदा दस्तावेज में उल्लिखित शर्तों के अनुसरण में मैं/हम ट्राई के कार्यालयों के लिए हमारे दस्तावेज के साथ संलग्न एसओआर (अनुलग्नक–।।) में प्रस्तुत की गई दरों पर ठेकेदार के रूप में कार्य करने की अपनी निविदा प्रस्तुत कर रहे हैं। मैं/हम एतद्द्वारा यह प्रमाणित करता हूं/करते हैं कि मैं/हम इनमें उल्लिखित प्रत्येक नियम एवं शर्त की सटीकता के प्रति पूर्ण रूप से संतुष्ट हूं/हैं तथा इनका अनुपालन करने की सहमति देता हूं/देते हैं।

2. इसके साथ निम्नलिखित प्रमाण पत्र/दस्तावेज संलग्न किए जा रहे हैं:

2.1 ट्राई के पक्ष में पेशगी जमा राशि के लिए दिल्ली में देय——————————बैंक /शाखा द्वारा जारी ——————————रूपए (——————————रूपए केवल) की राशि का दिनांक —————————— का पेआर्ड/डिमांड ड्राफ्ट संख्या——————————।

2.2 आयकर पैन कार्ड की प्रति

2.3 जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) पंजीकरण की प्रति

2.4 फर्म के पंजीकरण प्रमाणपत्र की प्रति

2.5 पिछले पांच वर्षों की अवधि में किसी केन्द्र/राज्य सरकार एवं सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/प्रख्यात निजी कम्पनी/बहुराष्ट्रीय कम्पनी के लिए समान कार्य करने के 3 वर्ष के अनुभव तथा एक अनुबंध पर कार्य किए जाने का प्रमाण।

2.6 केन्द्र/राज्य सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम द्वारा ब्लैकलिस्ट न किए जाने/उसके अनुबंधों को खराब निष्पादन के कारण विवर्जित न किए जाने के आशय का प्रमाण पत्र

2.7 विधिवत भरी गई एवं हस्ताक्षर की गई दरों की अनुसूची (एसओआर) अलग मोहरबंद लिफाफे में प्रस्तुत है। मैं/हम यह भली भांति जानता हूं/जानते हैं कि यदि ट्राई द्वारा मेरी /हमारी निविदा की पूर्व अर्हता स्वीकृत होती हैं तो ही इसे अनुवर्ती तिथि को खोला जाएगा।

2.8 दिल्ली मुें अपनी स्वयं की नर्सरी होने का प्रमाण

2.9 पिछले तीन वर्षों की टर्नओवर

मैं/हम एतद्द्वारा यह पुष्टि करता हूं/करते हैं कि इस निविदा एवं इसके अनुलग्नकों में प्रस्तुत की गई सूचना पूर्णतः सत्य है।

भवदीय,

निविदाकर्ता(निविदाकर्ताओं) के हस्ताक्षर
मोबाइल/टेलीफोन नम्बर——————————
पदनाम——————————
पता——————————
——————————
नाम :——————————

अनुलग्नक – ।।

## निविदा खोले जाने के समय उपस्थित होने के प्राधिकार का पत्र

विषय : फूलों, गमलों, इंडोर/आउटडोर प्लांट्स की आपूर्ति की निविदा को खोले जाने के समय उपस्थित होने का प्राधिकार पत्र

निम्नलिखित व्यक्तियों को एतदद्वारा ————————————————————————(निविदाकर्ता) की ओर से नीचे दिए आदेश क्रम में निविदा को खोले जाने के दौरान उपस्थित होने का प्राधिकार प्रदान किया गया है।

| नाम | हस्ताक्षर का नमूना |
|---|---|

निविदाकर्ता अथवा निविदाकर्ता द्वारा
अपनी ओर से हस्ताक्षर करने के लिए
प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर

नोट :

1. केवल एक प्रतिनिधि को ही निविदा खोले जाने के समय उपस्थित होने की अनुमति दी जाएगी। यदि नियमित प्रतिनिधि उपस्थित नहीं हो पाता है तो ही वैकल्पिक प्रतिनिधि को अनुमति प्रदान की जाएगी।

2. उपर्युक्तानुसार प्राधिकार प्राप्त न होने की स्थिति में बोली खोले जाने के हाल में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

अनुलग्नक – III

## जांच सूची तथा तकनीकी निविदा के साथ प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेजों की प्रस्तुति का क्रम

कृपया जांच करके यह सुनिश्चय कर लें कि फूलों, गमलों, इंडोर/आउटडोर पॉट युक्त पौधों की आपूर्ति एवं सजावट तथा उनके अनुरक्षण से संबंधित निविदा के नीचे उल्लिखित दस्तावेज प्रस्तुत किए गए हैं अथवा नहीं। इन दस्तावेजों की प्रस्तुति अवरोही क्रम में की जानी है।

| क्र.सं. | दस्तावेज | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | निविदा प्रस्तुत करने का पत्र | |
| 2. | सभी पृष्ठों पर विधिवत हस्ताक्षर एवं कार्यालय की मोहर के साथ निविदा दस्तावेज | |
| 3. | पेशगी जमा राशि का डिमांड ड्राफ्ट /पेशगी जमा राशि से छूट प्राप्त करने की स्थिति में सूक्षम, लघु एवं मध्यम उद्यम प्रमाण पत्र | |
| 4. | पैन कार्ड की प्रति | |
| 5. | जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) पंजीकरण की प्रति | |
| 6. | फर्म के पंजीकरण के प्रमाण पत्र की फोटो प्रति | |
| 7. | 31.3.2020 से पिछले पांच वर्षों की अवधि में किसी केन्द्र/राज्य सरकार एवं सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/प्रख्यात निजी कम्पनी/बहुराष्ट्रीय कम्पनी के लिए समान कार्य करने के 3 वर्ष के अनुभव तथा एक अनुबंध पर कार्य किए जाने का स्व–सत्यापित प्रमाण। | |
| 8. | केन्द्र/राज्य सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम द्वारा ब्लैकलिस्ट न किए जाने/उसके अनुबंधों को खराब निष्पादन के कारण विवर्जित न किए जाने के आशय का स्व–सत्यापित प्रमाण पत्र (अनुलग्नक – 6) | |
| 9. | दिल्ली में अपनी स्वयं की नर्सरी होने का प्रमाण | |
| 10. | निविदा खोले जाने के समय उपस्थित होने का प्राधिकार (अनुलग्नक–2) | |
| 11. | अन्य कोई दस्तावेज (कृपया निर्दिष्ट करें) | |
| 12. | दरों की अनुसूची (अलग मोहरबंद लिफाफे में अनुलग्नक– 4 के अनुसार) | |
| 13. | पिछले तीन वर्षों की टर्नओवर का प्रमाण | |

अनुलग्नक –4

## दरों की अनुसूची (एसओआर)

फूलों की आपूर्ति तथा इंडोर/आउटडोर पॉट युक्त पौधों एवं उनके अनुरक्षण की सेवाएं प्राप्त करने के संबंध में

### भाग : 1

फूलों के साथ लगभग 25 (पच्चीस) फ्लावर–पॉट स्थापित प्रत्येक वैकल्पिक दिन अर्थात प्रत्येक सोमवार, बुधवार तथा शुक्रवार अथवा प्रति माह 12 बॉकेट्स की आपूर्ति की जानी है।

| क्र.सं. | मद का विवरण | सेट(सं) | प्रति सेट प्रतिदिन दर (रूपए) | | | प्रतिमाह राशि (रूपए) (ग गुणा च) गुणा 12 सेट/बॉकेट्स | वर्ष की राशि (रूपए) (जी गुणा 12 माह) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | दर (रूपए) | लागू जीएसटी | प्रतिदिन कुल दर (घ+ङ) | | |
| (क) | (ख) | (ग) | (घ) | (ङ) | (च) | (छ) | (ज) |
| 1. | कट फ्लावर्स की आपूर्ति एवं सजावट (कम से कम 10 फूलों के बंच का 1 सेट) | 17 | | | | | |
| 2 | कट फ्लावर्स की आपूर्ति एवं सजावट (कम से कम 15 फूलों के बंच का 1 सेट) | 08 | | | | | |
| | योग भाग I | | | | | | |

### भाग II

मॉस स्टिक, जहां अपेक्षित हो, के साथ 700 इंडोर/आउटडोर/सीजनल प्लांट्स की आपूर्ति। प्रत्येक प्लांट की सजावट मिट्टी/ सीमेंट गमलों में अनुलग्नक 5 में किए गए वर्णन के अनुसार बेस प्लेट के साथ की जानी है।

| क्र.सं. | मद का विवरण | | | प्रतिमाह दर (रूपए) | | | प्रति वर्ष की कुल दर (रूपए) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | प्लांट की ऊंचाई (पॉट/ट्रे के साथ) इंच में | प्लांट की चौड़ाई (पॉट/ट्रे के साथ) इंच में | प्लांट्स की संख्या | दर (रूपए) प्रति प्लांट | लागू जीएसटी (रूपए) | कुल (रूपए) (ङ+च) | राशि (रूपए) (घ गुणा छ) गुणा 12 माह |
| (क) | (ख) | (ग) | (घ) | (ङ) | (च) | (छ) | (ज) |
| 1 | 10–20 | 5–15 | 200 | | | | |
| 2 | 21–30 | 16–25 | 200 | | | | |
| 3 | 31–40 | 26–35 | 100 | | | | |
| 4 | 41–50 | 36–45 | 100 | | | | |
| 5 | 51–60 | 36–45 | 100 | | | | |
| | योग भाग II | | | | | | |

## भाग ।।।

कुल निविदा राशि (रूपए)

| क्र.सं. | विवरण | राशि (रूपए) |
|---|---|---|
| 1 | भाग – । : ताजे कट फ्लावर्स बॉकेट्स के लिए | |
| 2 | भाग – ।। : इंडोर/आउटडोर/सीजनल प्लांट्स के लिए | |
| 3 | कुल योग (1+2) | |

कुल योग रूपए :

(शब्दों में ) ––––––––––––––––––––––––––

प्राधिकृत हस्ताक्षरी के हस्ताक्षर तथा मोहर

नामः––––––––––––––––––––––––

मोबाइल/टेलीफोन नम्बरः––––––––––––––––––––––––

पदनामः––––––––––––––––––––––––––––

पताः––––––––––––––––––––––––––––––––

<u>अनुलग्नक –5</u>

1) ताजा कट फ्लावर्स बॉकेट्स की सेवाएं (25)

| विशिष्टताएं | मूल्य |
|---|---|
| पॉट्स | ग्लास / सेरेमिक |
| फूलों की विविधता | एन्थ्यूरियम, एशियाई लिली, एस्टर, कैला, कार्नेशन, डैफोडिल, डाहलिया, जरबेरा, ग्लैडियोल्स, गुलदावरी, आइरिस, लिलियम, आर्किड प्रत्येक रंग, ओरियेंटल लिली, गुलाब प्रत्येक रंग, टाटा रोज प्रत्येक रंग, ट्यूलिप |
| सजावट का आकार | 15 फूल – 8 पॉट |
| | 10 फूल – 17 पॉट |
| सेवा के दिनों की बारम्बारता | सप्ताह के वैकल्पिक दिन |

II) सजावटी / अलकांरिक प्लांट्स सेवा (700)

| विशिष्टताएं | मूल्य |
|---|---|
| प्लांट अपेक्षाएं | वेस पॉट /ट्रे/ सेरेमिक / सीमेंट की |
| (सीजन के दौरान) | एरेका पाम प्लांट, एरी–कैलम–पाम प्लांट, एरोकारो प्लांट, अजलिया प्लांट, बैम्बू स्टिक्स, प्लांट, क्रोटन प्लांट, डैफ्नै प्लांट, ड्रैकैना सांग आफ इंडिया प्लांट, ड्रैकैना विक्टोरिया प्लांट, इंग्लिश आइवी प्लांट, फाइक्स प्लांट, भारतीय तुलसी प्लांट, मनी प्लांट, ऑक्सीकोडियम प्लांट, पैरेट प्लांट, स्नेक प्लांट, स्पाइडर प्लांट, टेपिक स्नो प्लांट, विपिंग फिग प्लांट, सिनागोनियम वरीगेटेड, मोन्सेरा, फिलोडेन्ड्रॉन, ऑक्सिकार्डियम, डायफेनबैच एग्लानिमा, ड्रैकैना फिक्स बेंजामिना, फाइकस नुडा, जुनिपरस |

| प्लांट की ऊंचाई (पॉट/ट्रे के साथ) इंच में | प्लांट की चौड़ाई (पॉट/ट्रे के साथ) इंच में | प्लांट्स की संख्या |
|---|---|---|
| 10–20 | 5–15 | 200 |
| 21–30 | 16–25 | 200 |
| 31–40 | 26–35 | 100 |
| 41–50 | 36–45 | 100 |
| 51–60 | 36–45 | 100 |

अनुलग्नक –6

## प्रतिबद्धता / घोषणा

मैं / हम यह प्रतिबद्धता करते हैं कि प्रस्तुत दस्तावेज वास्तविक / सत्यापित हैं तथा इनमें से कुछ भी वस्तुपरकता को छिपाया नहीं गया है तथा मैं / हम किसी भी सरकारी संगठन द्वारा ब्लैकलिस्ट घोषित नहीं किए गए हैं। मुझे / हमें यह ज्ञात है कि यह अनुबंध जालसाजी / सूचना को प्रकट न करके प्राप्त किए जाने पर रद्द किया जा सकता है। मैंने / हमने कार्य क्षेत्र एवं अन्य अनुसूचियों की अपेक्षाओं को इस निविदा में प्रस्तुत की गई जानकारी के अनुसार समझ लिया है।

प्राधिकृत हस्ताक्षरी के हस्ताक्षर
एजेंसी / फर्म के नाम सहित मोहर

तिथि :
स्थान :

<u>अस्वीकरण: यह विज्ञप्ति / निविदा मूलरूप से अंग्रेजी में लिखित विज्ञप्ति / निविदा का हिंदी अनुवाद हैं। यदि इसमें कोई विसंगति परिलक्षित होती है तो अंग्रेजी में लिखित यह विज्ञप्ति / निविदा मान्य होगी।</u>